हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री


13 नगर विकास से जुड़े 20 बिंदुओं में से एक विषय पर पक्ष-विपक्ष ...



14 ऑडिटोरियम के लिए सात करोड़ की मिली स्वीकृति




## खबर संक्षेप

### नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, सस्पेंड

**धमतरी।** शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक को जिला शिक्षाधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड ब्लाक के ग्राम छोटीकरेली के स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक का नशे की हालत में स्कूल पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में शिक्षक ने जिला प्रशासन को भी कार्रवाई के लिए चुनौती तक दे डाली। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षाधिकारी ने उक्त शिक्षक को तत्काल सस्पेंड कर दिया है। नशे की हालत में स्कूल पहुंचा शिक्षक स्कूल में पड़ा रहा। यह देख छात्र-छात्राओं में भय व अव्यवस्था का माहौल बना रहा।

### करेली में 11 से श्रीमद् भागवत कथा

**धमतरी।** ग्राम करेली के गायत्री माता चौक में 11 से 19 जुलाई तक यमुना साहू परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत का आयोजन किया गया है। कथावाचक विष्णु दुबे नवीन जोरातराई व परायणकर्ता पारसमणि तिवारी होंगे। वेदी पूजन, कपिल जन्म, ध्रुव प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्म, बाल लीला, रूक्मणि विवाह, सुदामा चरित, गीता संदेश होगा।

### राजपुर में कबड्डी स्पर्धा 27 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नव युवक कबड्डी दल के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये, द्वितीय 13001 रूपये, तृतीय 6001 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑलराउंडर को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 351 रूपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में डोमन यादव, हरिशंकर, तेजेश्वर कंवर, पंकज सिन्हा जुटे हैं।

### दिव्यांगों का यूडी आईडी कार्ड बनाया जाए

**धमतरी।** छग दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू ने पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग से मांग की है कि शहर व ग्रामीण अंचल में निवासरत दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता चालीस प्रतिशत या उससे अधिक हो तो भारत सरकार की योजना के तहत उनका विशिष्ट पहचान पत्र (यूडी आईडी कार्ड) निःशुल्क बनाया जाए। यूडी आईडी कार्ड बनने से पेंशन, परिवहन, उपकरण वितरण में सहूलियत मिलेगी। इसे आई कार्ड के रुप में भी अपनी जेब में रख सकते हैं।

### अग्निवीर, एसएससी, सीजी व्यापमं, रेलवे परीक्षा के लिए कार्यशाला 17 को

**धमतरी।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी अग्निवीर, एसएससी, सीजी व्यापक, रेलवे आदि परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए 17 जुलाई को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला स्थानीय समुदायिक भवन धमतरी में सुबह 10 बजे से होगी। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस कार्यशाला में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वनमण्डलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत सहित अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जिले के तीनों अनुभाग धमतरी, कुरूद और नगरी में जुलाई से अक्टूबर तक जिला प्रशासन के सहयोग से अग्निवीर, एसएससी, सीजी व्यापम, रेलवे आदि परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू हो रही है, जिसका लाभ जिले के युवा उठा सकते हैं।

### गंगरेल बांध में 50 फीसदी जल भराव, परियोजना के अन्य बांधों की हालत में सुधार

# चार दिन में छह टीएमसी पानी की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आषाढ़ मास के अंतिम सप्ताह में हुई लगातार बारिश से परियोजना के बांधों की सेहत में सुधार आया है। गंगरेल में 50 प्रतिशत से अधिक जलभराव हो गया है, वहीं दुधावा-सोंदूर और माड़मसिल्ली बांध में 20 प्रतिशत के आसपास पानी भर गया है। गंगरेल बांध को लबालब होने में अभी 13 टीएमसी पानी की आवश्यकता है।

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जुलाई को गंगरेल बांध में पानी की आवक जीरो थी। इस दिन गंगरेल जलाशय में ग्रास लेवल पर 12.720 टीएमसी तथा उपयोगी पानी 7.649 टीएमसी था। 5 जुलाई को पानी की आवक दर्ज की गई। इस दिन 622 क्यूसेक पानी आ रहा था। 6 जुलाई को आवक बढ़कर 1116 क्यूसेक हुई। इस दिन हुई झमाझम बारिश से 7 जुलाई को पानी की आवक एकाएक बढ़ गई और 43995 क्यूसेक पानी कैचमेंट एरिया से आने लगा। 24 घंटे में 4 टीएमसी पानी की आवक के साथ जलभराव 28 प्रतिशत से 42 प्रतिशत हो गया। 8 एवं 9 जुलाई को



आवक धीरे-धीरे घटने लगी। 10 जुलाई शाम को गंगरेल बांध में पानी की आवक घटकर 3055 क्यूसेक हो गई। गंगरेल बांध में ग्रास लेवल पर 18.868 टीएमसी तथा लाईव लेवल पर 13.796 टीएमसी जलभराव हो चुका है। गंगरेल में 50.94 प्रतिशत जलभराव होने का रिकार्ड दर्ज किया गया है।

5 जुलाई को दुधावा बांध में 1.836 टीएमसी के साथ 18.86 प्रतिशत पानी था। यहां पानी की आवक सीमित रही। गुरुवार को दुधावा बांध में 2 टीएमसी जलभराव के साथ 20 प्रतिशत पानी है। सोंदूर बांध में 22.29 फीसदी जलभराव के साथ 1.416 टीएमसी पानी जमा है। सूखे में तब्दील हो चुके माड़सिल्ली बांध में 18 प्रतिशत जलभराव हो गया है। माड़मसिल्ली में गुरुवार को 1.044 टीएमसी पानी की आवक दर्ज की गई है।

### पांच दिन बाद फिर झमाझम बारिश के आसार

लगातार सप्ताह भर हल्की-मध्यम बारिश के बाद गुरूवार से वर्षा थम गई है। 4-5 दिनों के बाद फिर वर्षा की गतिविधियों में तीव्रता आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण झारखंड और इसके आसपास के क्षेत्र में निम्न दबाव का क्षेत्र तथा चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। मानसून द्रोणिका सूरतगढ़, भिवानी, अलीगढ़, बांदा, डाल्सनगंज, दक्षिण झारखंड से निम्न दबाव का केंद्र होते हुएउत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक गुजर रहा है। दक्षिण-पश्चिम उप्र से लेकर दक्षिण झारखंड, उत्तर मध्यप्रदेश, उत्तर छग के आसपास के क्षेत्र में निम्न दबाव से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण तक द्रोणिका 0.9 से 1.5 किमी ऊपर बनी हुई है। पूर्वोत्तर अरबसागर से दक्षिण झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर बने निम्न दबाव क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। वहीं 4-5 दिनों में वर्षा की गतिविधियों में तीव्रता आएगी।

## शंकरदाह स्कूल में आज से तालाबंदी

**धमतरी।** शाउमावि शंकरदाह में पूर्णकालिक प्राचार्य, वाणिज्य, भौतिक और संस्कृत के व्याख्याता, भृत्य, सहायक ग्रेड 3 के रिक्त पद को भरने और संस्था की ग्रंथपाल श्रीमती प्रतिभा देशमुख का संलग्नीकरण समाप्त कर मूल संस्था में वापसी के निराकरण के लिए शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य कई बार आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी तथा कलेक्टर को जनदर्शन, सुशासन तिहार के माध्यम से दे चुके है। लेकिन किसी भी प्रकार की कार्यवाही शासन प्रशासन की ओर से नहीं की गई है। स्कूल में व्याप्त समस्याओं को लेकर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार व शाला में तालाबंदी करने की सूचना दी थी। उसके बावजूद शाला की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। इससे क्षुब्ध होकर 11 जुलाई से शाला में अनिश्चितकालीन तालाबंदी करेंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। यह जानकारी हेमंत साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने दी है।

# शहर में हुए दो ट्रैक्टर हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ बाल-बाल बचे चालक व मजदूर

शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रैक्टर हादसे हुए। इस घटना में ट्रैक्टर में सवार चालक व मजदूर बाल-बाल बच गए।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर एक रेत से लदा ट्रैक्टर ट्राली रूद्री रोड से होते हुए अंबेडकर चौक की तरफ जा रहा था। ट्राली में तीन मजदूर सवार थे। इसी दौरान ट्राली का पिछला पहिया निकलकर सड़क पर गिर गया। पहिया निकल जाने से रेत से भरी ट्राली कुछ दूर तक सड़क पर घसीटती हुई चलती रही। चालक ने समय रहते ट्रैक्टर को रोक लिया। इसमें सवार मजदूरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद ट्रैक्टर मालिक मौके पर पहुंचा और पहिया लगाकर ट्राली को सड़क से





हटवा लिया। इसी तरह एक अन्य घटना टिकरापारा क्षेत्र में हुई है। जहां एक ट्रैक्टर ट्राली पाइप लेकर जा रही थी। इसी दौरान ट्राली का अगला हिस्सा पहियों सहित ऊपर उठ गया। पाइप का वजन असंतुलित होने के कारण ट्राली का पिछला हिस्सा जमीन में धंस गया। ट्रैक्टर बीच सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया।

### आरोपियों के कब्जे से चांदी की पायल, सिक्के एवं नकदी सहित 17,300 रुपए का सामान बरामद

# संजय नगर के सूने मकान में हुई चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद पुलिस ने बीते माह जनवरी में संजय नगर कुरूद के सूने मकान में हुए पुरानी चोरी के मामले का खुलासा कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चांदी की पायल, सिक्के एवं नगदी सहित 17,300 रूपये का सामान बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 23 जनवरी 2025 को संजय नगर कुरूद निवासी प्रार्थी कांतु चंद्राकर अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने पीढी जिला महासमुंद गया था। लौटने पर 27 जनवरी को उसने पाया कि उसके घर का मुख्य दरवाजा एवं अंदर कमरे का ताला टूटा हुआ है। घर के भीतर आलमारी का लॉक भी टूटा



पाया गया, जिसमें से 6 जोड़ी चांदी की पायल, 12 नग चांदी के सिक्के, 1 जोड़ी सोने का टॉप्स तथा 10,000 रूपये नगद (500-500 के नोटों में) सहित कुल 70,000 रूपये मूल्य के सामान की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना पर मामले में निरंतर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान भोयना थाना अर्जुनी निवासी सुरेश तिवारी एवं चिंवरी थाना कुरूद निवासी विजय सेन उर्फ बिसंभर सेन को संदेहास्पद अवस्था में घूमते पाए जाने पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने संजय नगर कुरूद स्थित उक्त मकान में जनवरी 2025 में चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों का धारा 23 साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरेण्डम कथन लिया गया तथा उनकी निशानदेही पर चोरी गए 2 नग चांदी की पायल और 7 नग चांदी के सिक्के जिनकी अनुमानित कीमत 17,300 रूपये बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

### साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# आधी रात को सड़क पर आतंक मचाने वाले आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विमल टाकीज रोड में आधी रात को आतंक मचाने वाले जिलाबदर बदमाश व उसके नाबालिग साथियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

सोशल मीडिया पर बीते दिनों विमल टॉकिज मार्ग में सार्वजिक स्थल पर रात्रि में गाली गलौज करते हुए वाहनों में तोड़फोड़ करने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मुख्य आरोपी साहिल गौली अपने अन्य साथियों के साथ उपद्रव करते दिख रहा है। बदमाश साहिल को पूर्व में 9 अप्रैल को जिला दण्डाधिकारी द्वारा एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया जा चुका है। वायरल वीडियो के आधार पर कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर की सूचना के आधार पर गोकुलनगर रायपुर में घेराबंदी कर आरोपी साहिल गौली को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी के पास धमतरी अथवा रायपुर जिले में प्रवेश के संबंध में किसी प्रकार की अनुमति नहीं पाई गई। वहीं घटना में शामिल मुख्य आरोपी के एक अन्य साथी को भी हिरासत में लिया गया है। तोड़फोड़ में





आरोपियों के साथ दो नाबालिग भी शामिल थे। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने आरोपी साहिल गौली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं एक अन्य आरोपी राहुल यादव पिता कमल उम्र 21 वर्ष गोकुल नगर रायपुर निवासी को पुलिस ने 6 जुलाई की शाम इंडोर स्टेडियम के पास बटंची चाकू लहराकर लोगों को डराते-धमकाते पकड़ा है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से बटंची चाकू जब्त किया। आरोपी राहुल यादव को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### वाहन चालक यांत्रिकीय कर्मचारी संघ का गठन

**धमतरी।** छग शासकीय वाहन चालक यांत्रिकीय कर्मचारी संघ की बैठक हुई। संघ के संरक्षक मुकेश पाण्डे, सहसंरक्षक जीवनदास मानिकपुरी एवं सदस्यों के समक्ष जिलाध्यक्ष संदीप राव जाधव ने अन्य पदाधिकारियों का गठन किया। महामंत्री गीताराम साहू, भूपेन्द्र साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचन्द्र कांगे, भूपेन्द्र साहू, सचिव प्रतापसिंह रामटेके, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र मानिकपुरी, बलीराम कामडे, कोषाध्यक्ष अर्जुन सिन्हा, वरिष्ठ सलाहकार रमेश साहू, राजेश कुर्रे, संगठन सचिव अभिनय दास मानिकपुरी, अजोस नागवंशी, सहसचिव आदेश कुमार, समीर साहू, प्रचार सचिव भूपेश विश्वकर्मा, बिहारी साहू, भूषण साहू, मीडिया प्रभारी प्रेमचन्द्र साहू बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में जयकुमार सिन्हा, देवेन्द्र यादव, श्रीमती सावित्री सोनी शामिल हैं।

# शांति भंग करने वाले दो आरोपियों पर हुई कार्रवाई

■ कोतवाली पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में शांति भंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सेहराडबरी निवासी मोहनलाल सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष पहले विनायक राइस मिल में काम करता था। काम छोड़ देने के बाद भी युवक बार-बार संदिग्ध रूप से राइस मिल के आसपास चक्कर लगा रहा था। मिल मालिक द्वारा मना करने पर मोहन गाली-गलौज कर उसे धमकी देते हुए थाने में उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा देने की बात कहकर डराने लगा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व आम नागरिकों के समझाने के बाद भी मोहन उत्तेजित होकर गाली-गलौज कर मारपीट करने पर उतारू हो गया। पुलिस ने शांति भंग व संज्ञेय अपराध की आशंका व परिकल्पना पर आरोपी मोहन सूर्यवंशी पिता दुकालुराम ग्राम सेहराडबरी थाना अर्जुनी निवासी के





खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएस 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया है। इसी तरह एक अन्य मामले में लोमन ध्रुव पिता दयाराम उम्र 25 वर्ष बठेनापारा निवासी नशे का आदी है। युवक ने भगवती ध्रुव व उसकी सास के साथ मारपीट व गाली गलौज की थी, जिसकी सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराए जाने पर पुलिस जांच के लिए घटनास्थल बठेनापारा पहुंची। इस दौरान आरोपी लोमन वहां पहुंचा और फिर से गाली गलौज कर गवाहों से उलझते हुए मारपीट करने पर उतारू हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शांति भंग की आशंका व संज्ञेय अपराध की परिकल्पना पर धारा 170, 126, 135(3) बीएनएस 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर आरोपी लोमन ध्रुव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### समझाइश के बाद भी लोग नाला में झिल्ली, कचरा, बचा खाना फेंक रहे

# पीडी नाला के आसपास नहीं हुआ जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुछ दिनों से हो बारिश से पीडी नाला के आसपास के क्षेत्र में वैसा जलभराव नहीं हुआ जैसे पहले होता था। निगम की टीम व्दारा बारिश से पहले की गई पीडी नाला की तगड़ी सफाई इसकी मुख्य वजह थी लेकिन इस क्षेत्र के निवासी व व्यवसायी जिस तरह से पीडी नाला में कचरा व अनुपयोगी चीज डाल रहे हैं और नाला को डस्टबीन की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं इससे स्थिति फिर बिगड़ सकती है।

स्वास्थ्य एवं सफाई विभाग के



सभापति नीलेश लुनिया ने इस क्षेत्र के निवासियों से आग्रह किया है कि वे इस तरह की हरकत न करें अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी। पार्षद नीलेश लुनिया ने जिम्मेदारी मिलने के बाद टीम लेकर शहर की बजबजाती नालियों व नालों की सफाई करवाई। पीड़ी नाला की सफाई में पूरी ताकत झोंक दी। इसी का नतीजा था कि तीन, चार दिनों की तेज बारिश के बाद जलभराव नहीं हुआ। पीडी नाला सहित शहर के कई स्थानों में ज्यादा पानी नहीं भरा। पानी भरा भी तो जल्दी निकल गया। स्थिति देखने के बाद निगम प्रशासन निश्चिंत था कि अब पीडी नाला के आसपास रहने वाले कचरा नहीं डालेंगे लेकिन सफाई के बाद से ही पीडी नाला के आसपास के लोग वेस्ट दवाई, एक्सपायरी सामग्री व अन्य सामान फेंकना शुरू कर दिए। समझाइश देने के बाद भी वे नहीं मान रहे।

सफाई सभापति नीलेश लुनिया ने बताया कि निगम की टीम ऐसे लोगों को नोटिस देकर जुर्माना करने वाली थी लेकिन समझाने के बाद भी पीडी नाला के आसपास रहने वालों का रवैया नहीं बदला। लोग अब भी नाला में झिल्ली, कचरा, बचा हुआ खाना भी फेंक रहे हैं। चावल, सब्जी, प्याज के छिलके डाल रहे हैं। नीलेश ने बाम्बे गैरेज क्षेत्र व पीडी नाला के आसपास तेज बारिश के बाद भी पानी नहीं भरने पर लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि तीन दिन की बारिश में कहां पानी भरा और कहां नहीं, इसका अवलोकन किया जाएगा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाया उदासीनता का आरोप, कलेक्ट्रेट में की शिकायत

# ग्रीन आर्मी, पंचायत कर्मी समेत पेंशनधारियों का भुगतान रोका






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम कोर्रा में ग्रीन आर्मी की 6 महिलाओं को 6 महीने से मानदेय नहीं मिला है। भृत्य और नल ऑपरेटर को भी वेतन नहीं दिया गया है। बुधवार को सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे। अपर कलेक्टर से राशि भुगतान की मांग की। गौरी साहू, थनेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, जयश्री साहू, रश्मि और सोहागा साहू ने बताया कि गांव में 435 मकान हैं। सभी घरों और दुकानों से कचरा उठाते हैं। पंचायत हर महिला को हर महीने 2 हजार रुपए देती है। 6 महीने से 70 हजार से ज्यादा बकाया है। सचिव भुगतान को तैयार हैं, लेकिन सरपंच चेक पर हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं। सरपंच महिला है, लेकिन हुकूमत पति की चल रही है। महिलाओं ने जांच और कार्रवाई की मांग की। राशि जल्द देने की मांग की।

भृत्य शशिकांत साहू और नल ऑपरेटर सुमीत कुमार ने बताया कि उन्हें भी 6 महीने से वेतन नहीं मिला है। हर महीने 4500 रुपए मिलते हैं। 54 हजार बकाया है। सरपंच भुगतान नहीं कर रही हैं। जगदीश्वर शर्मा, चंद्रहास कामड़े और खम्मन साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और विकलांग पेंशन की राशि 3 महीने पहले आ गई थी। अब तक भुगतान नहीं हुआ है। चेक पर सरपंच हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं। सरपंच गोलमोल जवाब देती हैं। गांव के लोग परेशान हैं। पूर्व सरपंच को गांव के विकास कार्यों के लिए उत्कृष्ट सरपंच के सम्मान से नवाजा गया था। इसके विपरीत वर्तमान सरपंच की उदासीनता के चलते विकास का पहिया थम सा गया है। गांव की मूलभूत सुविधा चरमरा गई है। गांव के बाजार चौक स्थित नर्मदेश्वर महादेव तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा है। शीतला तालाब भी प्रदूषण से अछूता नही है। बाजार चौक में प्रसाधन की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यापारियों व ग्राहकों कोना ढूंढना पड़ रहा है। चौक चौराहों में लगी हाईमास्क सोलर लाइट अपनी दूधिया रोशनी से रौशन करने में असक्षम है। ऑक्सीजोन इन दिनों मवेशियों के चरागाह में तब्दील हो गया। गार्डन में लगे झूले बच्चों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। वार्ड क्रमांक चार में नाली सफाई नहीं होने से वार्डवासियों में रोष है। गांव की मुख्य गली में जगह जगह गड्ढे हो गए जिसमें गाड़िया हिचकोले खा रहे है। पंचायत के कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया जा रहा, वहीं सफाई कर्मी वेतन के लिए भटक रहे हैं। मुनादी, सूचनाओं के लिए गए लाउड स्पीकर बंद हैं।

इस संबंध में सरपंच यमुना कामड़े ने कहा कि पंचायत में कई मामलों को लेकर बहस चल रही है। सचिव सही जानकारी नहीं देते। बिल और वाउचर नहीं दिए हैं। 4 दिन की छुट्टी की सूचना दी है। हितग्राहियों को राशि जल्द दी जाएगी।

# गुरु के बिना ज्ञान की रोशनी अधूरी : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



■ विधायक ने पोटियाडीह, कोलियारी आश्रम के गुरुजनों को श्रीफल भेंटकर लिया आशीर्वाद

विधायक ओंकार साहू ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पोटियाडीह, कोलियारी समेत विभिन्न आश्रमों में पहुंचकर गुरुजनों को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अनमोल अवसर प्रदान करता है। गुरू हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए ज्ञान प्रदान करता हैं। जिससे हम सबके जीवन में सुख समृद्धि व शांति बनी रहती है। आगे उन्होंने कहा गुरु के बिना ज्ञान की रोशनी अधूरी है क्योंकि गुरु ही ज्ञान को जीवन में उपयोग करना सिखाता है। आश्रमों में सुबह पूजा-पाठ किया गया। श्रद्धालुओं को खीर व फल-फूल प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस अवसर पर आश्रम में दिन भर भक्तों की भीड़ रही। गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा।

मौके पर आश्रम के संचालनकर्ता संत त्रिलोकी साहेब, मनोज साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आमदी, खोजू साहू समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च : वीरेंद्र





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

■ सेन्हाभाठा में गुरुपूर्णिमा पर हुआ सम्मान कार्यक्रम

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम पंचायत मेघा के आश्रित गांव सेन्हाभाठा में वेदमाता गायत्री मानस परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा गायत्री मंत्र के साथ पूजा पाठ किया गया। विभिन्न विभाग के रिटायर्ड अधिकारी एवं शिक्षकगण मेघनाथ साहू, रामाधार साहू, गोपीराम साहू, भाऊराम ध्रुव, केशरू निषाद, केशव महेंद्र निषाद, चोवाराम पटेल, जगदीश निर्मलकर का श्रीफल एवं गुलाल लगाकर सम्मान किया गया।

गुरु पूर्णिमा पर जनपद अध्यक्ष वीरेंद साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्यों के उज्ज्वल भविष्य का सृजन करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरुओं की विरासत को आगे बढ़ाना ही उनके लिए गुरु दक्षिणा है। निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र को उन्नति के पथ पर अग्रसर रखने वाले सभी गुरुजनों को नमन किया।

इस अवसर पर होरीलाल साहू, योगेश्वर साहू, कृषि सभापति राजेश साहू, उपसरपंच छत्रपाल साहू, डॉ कमल सिन्हा, मेघा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू, जिला आईटी सेल धर्मेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, गायत्री मानस परिवार के सदस्य, मातृशक्तियां एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गुरु अंधकार को मिटाकर प्रकाश रूपी ज्ञान देते हैं : सुखीराम

■ सशिमं करेली बड़ी में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



सरस्वती शिशु मंदिर करेली बड़ी में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि सेनि प्रधानपाठक सुखीराम साहू रहे। अतिथि और आचार्यों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इसके बाद बच्चों ने बारी-बारी से गुरु की महत्ता को लेकर विचार रखे।

मुख्य अतिथि सुखीराम साहू ने कहा कि गुरु के सम्मान में यह पर्व मनाया जाता है।। प्रथम गुरु मां होती है। गुरु अंधकार को मिटाकर प्रकाश रूपी ज्ञान देते हैं। सही रास्ता दिखाकर जीवन को उज्ज्वल बनाते हैं। उन्होंने बताया कि महर्षि वेदव्यास की जयंती को आषाढ़ मास पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। उन्होंने गुरु की महत्ता को लेकर कविता प्रस्तुत की। डुमेश सोनी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा में सभी गुरुओं का सम्मान होता है। महाभारत महाकाव्य के रचयिता महर्षि वेदव्यास की जयंती पर यह पर्व मनाते हैं। वे भारत के महाज्ञानी महर्षि है। वेद पुराण उपनिषद के ज्ञाता हैं। वह देवदर्शन की हठ बचपन में करते थे। वे अपनी माता की आज्ञा का पालन कर वन में कठोर तपस्या की और ज्ञान की प्राप्ति हुई। अनेक प्राचीन साहित्य की रचना की। प्रधानाचार्य नूतन साहू ने कार्यक्रम का समापन किया।

मौके पर प्रधानाचार्य नूतन साहू, किसुन यादव, विजय साहू, हिरमिषा साहू, आरती शर्मा, भोलेश्वरी सोनवानी, मेनका साहू समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मनीष को मिली राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा मनीष साहू को राष्ट्रीय युवा संगठन सचिव (छग राज्य व उड़ीसा राज्य प्रभारी) के पद पर नियुक्त किया गया है। यह उत्तरदायित्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल प्रसाद गुप्ता की अनुमोदन से प्रदान किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू के मार्गदर्शन में यह नियुक्ति की गई है। मनीष वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी प्रकोष्ठ) के प्रदेश प्रभारीमहामंत्री है। इससे पूर्व वे युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, मीडियाप्रभारी, कसडोल विधायक व तेलघानी विकास बोर्ड के प्रथम अध्यक्षसंदीपसाहू के निज सचिव के रूप पदों का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में आकाशवाणी रायपुर में कार्यरत हैं।

मनीष ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि धमतरी जिले के छोटे से गांव कपालफोड़ी से निकलकर राष्ट्रीय दायित्व मिलना मेरे लिए गौरव की बात है। दायित्व मिलने पर उन्होंने समाज के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। आगे कहा कि मैं पूरी ऊर्जा के साथ समाज सेवा के लिए तत्पर रहूंगा।

# सिलौटी स्कूल में रासेयो ए प्रमाण-पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ए प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को उनके सामाजिक सेवा कार्यों के लिए सम्मानित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख बी पदमा राजेश ने की। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को ए प्रमाण पत्र प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता अजय यादव, चम्पेश्वर साहू, संतोष ध्रुव व युगल किशोर सेन थे। प्राचार्य बी.पदमा राजेश ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों के सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस से युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार करता है और उन्हें सशक्त नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों से समाजसेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष जैन ने पिछले वर्ष की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की और स्वयंसेवकों के योगदान की प्रशंसा की। कुल 32 स्वयंसेवकों को ए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी रानी साहू, नीलम साहू का योगदान रहा।

किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

# मड़ेली में अरहर मिनीकिट का वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम पंचायत मड़ेली में अरहर मिनीकिट का वितरण क्षेत्र के जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, सरपंच मीना साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, पूर्व सरपंच लोकेश्वरी साहू, पंचगण कुलेश्वरी साहू, ममता चौहान, पायल जांगड़े, फुलेश्वरी यादव, डेमन साहू, चेतन साहू, वरिष्ठजन नारायण गिरी, हरीश गांधी, शेखर साहू, यशवंत साहू, ईश्वर साहू, बोधन साहू के आतिथ्य में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहित जैन द्वारा किया गया। ग्राम की बिहान समिति से जुड़ी लखपति दीदी को समृद्ध और सशक्त बनाने और उनके कृषि कार्य को प्रोत्साहित करने निःशुल्क अरहर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग की अन्य योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अलावा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना अंतर्गत ऑयल पाम की खेती, धान के बदले औषधीय पौधों की खेती, मखाना की खेती और अन्य दलहन तिलहन की खेती के बारे में जानकारी दी गई। जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू ने कृषकों और स्वसहायता समूह की दीदियों को कृषि विभाग से जुड़कर नई कृषि फसलों की खेती करने हेतु जागरूक किया। नारायण गिरी द्वारा अरहर की खेती मेड़ों पर, तालाब, नदी, नाला किनारे कर मृदाक्षरण को रोकने के बारे में अपना अनुभव साझा किया। हरीश गांधी ने खाद के संतुलित उपयोग एवं नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के फायदे के बारे में अपना अनुभव साझा किया। इसी तारतम्य में शेखर साहू ने अपने कृषि अनुभवों और किसानों की समस्याओं के बारे में बताया।

# अभाविप के स्थापना दिवस पर हुई प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर नगरी इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5 शाला के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं को प्रश्न मंच के माध्यम से प्रश्न पूछा। बच्चों ने सूझबूझ से प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रतियोगिता में शासकीय अभिषेक गोलछा माध्यमिक विद्यालय नगरी प्रथम, द्वितीय स्थान शाउमा वि फरसियां ने प्राप्त किया। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगरी इकाई की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। नगर मंत्री नीलेश नेताम, मंत्री थरुण निषाद, आदित्य नेताम, डेविड साहू, जान्हवी साहू, कार्यालय मंत्री संजय यादव, कोषाध्यक्ष यश चाणक्य, संतराम सिन्हा, खेल प्रमुख मुनेश्वर यादव, सोशल मीडिया वासुदेव यादव, पुनारद यादव, महाविद्यालय प्रमुख अंजु मरकाम, संतराम सिन्हा, विद्यालय प्रमुख नमन देवांगन, झनेश यादव, छात्रावास प्रमुख जबर सिंह, प्रमुख समीर, जतिन, तकनीकी प्रमुख तरुण साहू, छात्रा प्रमुख सुरभि यादव, युक्ति साहू, सदस्य प्रिंस साहू, रश्मि नाग, रीना यादव, समीर नाग, पंकज कोसरे, भूपेश लहरे शामिल हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेंद्र साहू, विशिष्ट अतिथि कमल डागा, राजा पवार, वैशाली प्रजापति, रूपेश साहू थे। अध्यक्षता कर रहे नरसिंह मरकाम ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से अपेक्षा जताई कि वे अपने कार्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें ।

बच्चों को संस्कारवान बनाने वाद्य यंत्रों के साथ संगीतयुक्त प्रार्थना की शुरूआत

# संस्कारमय हुआ सेजेस सिंगपुर का वातावरण

■ बच्चे प्रतिदिन माता-पिता के चरण छूकर स्कूल पहुंचकर विद्यालय को भी प्रणाम करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि केवल भौतिक संसाधनों से बच्चे आगे नहीं बढ़ते, नहीं सीखते। उन्हें आगे बढ़ाना है तो घर एवं विद्यालय दोनों जगह सीखने सिखाने लायक उचित वातावरण का निर्माण करना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर सेजेस सिंगपुर में संस्कारमय उचित वातावरण निर्माण पर जोर देते हुए शिक्षकों ने कार्य योजना का निर्माण किया। योजना के क्रियान्वयन हेतु कई प्रकोष्ठों का गठन कर अलग-अलग शिक्षकों को पृथक-पृथक जिम्मेदारी दी गई।

इसी क्रम में बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए एसएमडीसी एवं पालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय की शुरुआत रोचक तरीके से हो जिससे बच्चे मन से जुड़ें। इसके लिए वाद्य यंत्रों के साथ संगीतयुक्त प्रार्थना पर बल दिया गया। प्रत्येक दिन की प्रार्थना के लिए अलग-अलग प्रार्थना गीत, भजन का चयन किया गया। प्रार्थना को रोचक बनाने के लिए प्रतिदिन अलग अलग शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई। व्याख्याता कल्याण कौशल एवं राधेश्याम साहू को गायन एवं वादन टीम बनाने की जिम्मेदारी दी गई। प्रत्येक कक्षा में प्रार्थना गीत एवं भजनों की प्रैक्टिस कराई गई। अब इस विद्यालय में वाद्य यंत्रों के साथ नियमित प्रार्थना होने से विद्यालय का वातावरण पूर्णतः बदल गया है। बच्चे प्रतिदिन माता-पिता के चरण छूकर विद्यालय पहुंचकर विद्यालय को भी प्रणाम करते हैं। विद्यालय से जाने के बाद भी बच्चे माता-पिता को प्रणाम करते हैं। बच्चों में आये इस बदलाव से विद्यालय एवं घर दोनों का वातावरण बदल गया है। पालकों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष सेजेस सिंगपुर का परिणाम चौंकाने वाला होगा।

विद्यालय की इस योजना पर मुहर लगाकर क्रियान्वयन के लिए संकल्प लेने वाले पालकों में एसएमडीसी अध्यक्ष धनन्जय साहू, उपाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, सदस्य अयूब रिजवी खान, राधेलाल सिन्हा, सरपंच लोमेश्वर साहू, उप सरपंच ज्योति तिवारी, सफीना बानो, इकरामुद्दीन रिज़वी, हरिराम मरकाम,वि धायक प्रतिनिधि इशहाक खान, पूर्व सरपंच फणीश गंगासागर, ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर, सुनीता ध्रुव, रायसिंह कमार, सुंदर लाल ध्रुव, ऋषि साहू, योगेंद्र साहू, चोवालाल साहू, दुर्योधन मरकाम, कौशल दीवान, गणेशु, जीवन अभिषेक, ईश्वर दीवान, बुधराम यादव, मानसिंह यादव, रहबर अली, गणेशराम ध्रुव एवं जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह दीवान हैं। पालकों के सकारात्मक सहयोग से सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों में भी उत्साह है। प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने पालकों द्वारा की गई पहल को मील का पत्थर बताते हुए विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का संकल्प लिया है।

# सुखराम नागे कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 9 जुलाई को संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य डा मनदीप खालसा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा की, तत्पश्चात एनईपी क्रियान्वयन समिति के सदस्य प्रो. मोहित कुमार ने इस शैक्षणिक सत्र में तृतीय सेमेस्टर के लिए लागू विषयों, मूल्यांकन पद्धतियों, क्रेडिट सिस्टम आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी डारमेश कुमार देवांगन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं को छात्र-छात्राओं एवं पालकों को अवगत कराया। मौके पर डा. अश्वनी ध्रुव, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डा कविता, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल, कृष्ण कुमार सिन्हा, रविकांत कोसरे, त्रिलोचन ठाकुर, गंगाधर साहू तथा छात्र एंबेसडर के रूप में मनीष साहू, डिगेश्वर देवांगन, रिषिता पटेल, हिमेश्वरी साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में कंप्यूटर शिक्षक सौरभ पांडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डा. रमेश देवांगन तथा आभार प्रदर्शन डा. कविता नारंग ने किया।

## अंचल की खबरें

### शासकीय महाविद्यालय सिर्री में हुआ प्रथम प्रवेश



**सिर्री/कुरूद।** सत्र 2025-26 में नवीन शासकीय महाविद्यालय सिर्री ब्लॉक कुरूद में 10 जुलाई को बीए प्रथम सेमेस्टर में छात्रा शालिनी पिता तोमनलाल ने प्रथम प्रवेशार्थी के रूप में प्रवेश लिया है। इस पर संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर कुरूद के प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, नोडल अधिकारी डॉ. फिरोज सोनवानी, शाउमावि प्राचार्य एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं शाला परिवार तथा कुरूद महाविद्यालय के कर्मचारी लुकेश विश्वकर्मा ने हर्ष जाहिर किया है।

### जनप्रतिनिधियों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**नगरी।** आश्रम माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला दुगली में शिक्षकों एवं छात्राओं ने गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया। मौके पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, सहप्रभारी सदाराम यादव, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम ने शिक्षकों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। राजाराम मंडावी ने छात्र-छात्राओं को गुरू की महत्ता बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्राशा की प्रधानपाठिका शशि कश्यप, हीरालाल कंवर, दुर्गा ध्रुव, राकेश्वरी कोसमा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने छात्रों को बताई गुरु की महिमा



**नगरी।** पीएमश्री प्राथमिक शाला नवागांव में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। शिक्षकों ने गुरु की महिमा बताई। बताया कि प्रथम गुरु मां जिसने हमें जन्म दिया है। दूसरा गुरु धरती मां जिस पर पढ़े बढ़े। तीसरा गुरु पिता जिसकी उंगली थामी। चौथा गुरु शिक्षक है जिससे ज्ञान मिला है। पंचम आध्यात्मिक गुरू है। शिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन पर रहने एवं अच्छे संस्कार ग्रहण कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक श्रीमती कंचन साहू, शिक्षक एसबी मिर्जा, कृष्णकुमार साहू, योग शिक्षक कमलेश साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम साहू उपस्थित थे।

### बिरगुड़ी स्कूल में गुरुओं का सम्मान कर मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई। छात्र -छात्राएं अपने गुरुओं को सम्मान देकर हर्षित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएस कुरु प्राचार्य हायर सेकेंडरी बिरगुड़ी थे। अध्यक्षता अशोक निषाद प्रधानपाठक ने की। विशिष्ट अतिथि समस्त प्राथमिक माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के गुरुजन थे। बिरगुड़ी के उपसरपंच ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु शिष्य की परम्परा का बखान किया। सभा को राजेश कश्यप, एमके मरकाम ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डीके शांडिल्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक साहू, विशेश्वर यादव एवं प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच की हुई बैठक



**धमतरी।** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक जिला संयोजक भूपेंद्र मिश्रा के निवास में हुई जिसमें प्रांतीय विचार वर्ग व बिलासपुर की कार्यशाला में सहभागिता व आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला संयोजक भूपेंद्र मिश्रा, सहसंयोजक राकेश साहू, रामअवतार शर्मा, विचार प्रमुख प्रदीप देवांगन, प्रचार प्रमुख राघवेंद्र राव, सुदर्शन गुप्ता, महिला प्रमुख श्रीमती सीमा चौबे, महिला सह प्रमुख श्रीमती पवित्रा दीवान, श्रीमती रत्नावली मिश्रा उपस्थित थे।

### एसटीपी प्लांट की पाइपलाइन का महापौर ने किया निरीक्षण



**धमतरी।** नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने हटकेशर वार्ड में पहुंचकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की पाइपलाइन का निरीक्षण किया। मुजगहन स्थित 19 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी (एसटीपी) प्लांट में गंदे पानी को साफ कर पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न तालाबों में पानी भरा जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि भविष्य में इस शुद्धिकृत जल का उपयोग शहर के तालाबों को भरने के लिए किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और तालाबों का पुनर्जीवन संभव हो सकेगा। इस अवसर पर जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर, पार्षद श्रीमती नम्रता पावर एवं सूरज गहेवाल भी महापौर के साथ उपस्थित रहे। सभी ने पाइपलाइन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक सुधार कार्यों पर चर्चा की। महापौर रोहरा ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य है कि गंदे पानी को शुद्ध कर पर्यावरण हितैषी तरीके से पुनः उपयोग में लाया जाए, जिससे शहर को स्वच्छ और हरित बनाया जा सके।

नपं परिषद की बैठक में तालाब सफाई, पेयजल सुविधा, कॉलोनी विकास व नागरिक सुविधाओं पर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

# नगर विकास से जुड़े 20 बिंदुओं में से एक विषय पर पक्ष-विपक्ष में हुई बहस



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद परिषद की द्वितीय बैठक में नगर को विकसित करने अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में 20 बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा हुई जिसमें विपक्ष की आपत्ति पर 2 बिंदु पर अलग-अलग विचार के बाद 1 पर पूर्व निर्णय पर ही सबकी सहमति से निर्णय कर कुरूद को नगर पालिका बनाने के साथ अन्य विकासपरक कार्यों के लिए निर्णय किया गया।

गुरुवार को नपं सभागार में हुई परिषद की बैठक में नगर पालिका बनाने शासन द्वारा अधिसूचना की पुष्टि करने, नगर पंचायत भवन की चयनित जगह पर सभी सदस्यों द्वारा जमीन का निरीक्षण किया गया जिसमें अधिकांश सदस्यों द्वारा मंडी के पास ही नगर पंचायत भवन बनाने की सहमति बनी। अध्यक्ष द्वारा आमजनों की मांग एवं कुछ पार्षद सदस्यों द्वारा केनाल रोड चन्द्राकर भवन के सामने नगर पंचायत भवन के लिए मांग के अनुसार प्रस्ताव लाया गया था, किंतु सदस्यों द्वारा सहमति - असहमति की स्थिति बनी तब सभी सदस्यों के निरीक्षण उपरांत नई मंडी के पास नगर पंचायत भवन बनाने के लिए सहमति बनी फिर अध्यक्ष द्वारा नई मंडी वाली 3 एकड़ जमीन में ही नगर पंचायत भवन बनाने के लिये सीएमओ को आदेशित किया गया।

### 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट लगेगा नागरिक सुविधाओं का होगा विस्तार

परिषद में बड़ी नहर से 10 एमएलडी फिल्टर प्लांट लगाकर कुरूद, चर्रा रोड में बने शासकीय भवनों में पेयजल सुविधा देने, कुरूद, भखारा, मगरलोड जैसे शहरों में पेयजल व्यवस्था कराने जैसे महत्वपूर्ण बड़े निर्णय लेकर शासन को प्रस्ताव भेजने, तालाब सफ़ाई के लिए बड़ी मशीन ख़रीदने प्रस्ताव भेजने एवं कुरूद की बालाजी कालोनी के संचालक के बंधक प्लाट की नीलामी कर कालोनी में विकास कार्य करने तथा नगर की अमृत बिहार कालोनी सहित अवैध कालोनियों में शासन द्वारा गाइडलाइन दर से परिषद द्वारा विभिन्न समझौता शुल्क लगाकर आम नागरिकों के लिए विकास कार्य कर मूलभूत सुविधाएं देने परिषद की सहमति बनी। नपं के राजस्व विभाग अनुसार प्राप्त आवेदनों में जमीन-दुकानों का नामांतरण करने, सभी वार्डों में प्राप्त आवेदनों में जाति सत्यापित करने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

### गलत निर्णय लिखने पर गरमाया सदन

दूसरा विषय पूर्व मुर्गा मटन व्यवसाय को भरदा चौक में व्यवस्थापन करने को लेकर था। भरदा चौक में मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना के तहत निर्मित दुकानों पर शिफ्ट करने की बात हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि जिन व्यक्तियों को दुकान आबंटित है, उनसे बात कर सहमति लेने के उपरांत मुर्गा मटन व्यवसायियों की सहमति से व्यवस्थापित करने का था। किंतु बिना किसी की सहमति लिए उक्त दुकानों की मरम्मत और किराये से देना का निर्णय लिख दिया गया था। नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू और वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू ने तीखे सवाल करते हुए कहा कि किसी को आबंटित व्यवसायिक दुकान को बिना उनकी सहमति से कैसे उसकी मरम्मत कर उसे किराया में दिया जा सकता है। पूर्व लिए निर्णय का पालन न करना सदन की गरिमा के विरुद्ध है। ऐसे कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे। सभी कांग्रेसी पार्षदों ने उक्त विषय को गंभीरता से लेने को कहा। इसके उपरांत दुकानदारों और मुर्गा मटन व्यवसायियों की सहमति के लिए निर्णय पारित हुआ। उपाध्यक्ष देवव्रत साहू और पूर्व उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू ने कहा कि विकास कार्यों पर ठेकेदारों द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य की जांच कराने के साथ नगर की अन्य समस्याओं पर ध्यानाकर्षित कराया।

### नगर विकास से जुड़े अधिकांश मुद्दों पर बनी सहमति

नगर विकास से जुड़े अधिकांश मुद्दों पर सबकी सहमति स्वागत योग्य है। एक दो विषय पर विपक्ष की असहमति रही जिसे पुनः विचार में लाया गया। हमारा नगर पूरे संभाग में सबसे बड़ा है और सर्व सुविधायुक्त नगर पंचायत का दर्जा लेकर शीघ्र ही पालिका बनाने की दिशा में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने नगर विकास में सहयोग करने के लिए परिषद के उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सदस्यों का आभार माना।

### सभी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, सभापतिगण मिथलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण व पूर्व उपाध्यक्ष मंजु साहु, मनीष साहू, उत्तम साहू, उर्वशी चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, राखी यमुना चन्द्राकर सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गुप्ता, इंजीनियर श्री सिन्हा, लेखापाल एवं निकाय के हर विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## अमाली और दरगहन में लगा संतृप्तिकरण शिविर



**धमतरी।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विकासखंड नगरी के ग्राम अमाली एवं विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत दरगहन में जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना रहा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें आयुष्मान कार्ड पंजीयन 7, श्रम कार्ड पंजीयन 7, राशन कार्ड पंजीयन 1, सिकल सेल स्क्रीनिंग 16, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन 1 हितग्राही को लाभान्वित किया गया। शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शासकीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। यह अभियान ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने में एक सार्थक पहल साबित हो रहा है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एक दूरदर्शी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नगर निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम महापौर रामू रोहरा एवं आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने की।

बैठक में विद्युत विभाग, क्रेडा, चिकित्सक संघ, शिक्षक संघ, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मेडिकल एसोसिएशन, राइस मिल एसोसिएशन एवं बिल्डर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक के दौरान पीएम सूर्यघर योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और तकनीकी पक्षों की जानकारी साझा की गई। योजना के माध्यम से आम नागरिक अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बिलों में बचत कर सकते हैं, साथ ही हरित ऊर्जा को बढ़ावा देकर पर्यावरण सुरक्षा में भी योगदान दे सकते हैं।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक दूरदर्शी पहल है। इससे नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने सभी संगठनों से आह्वान करते हुए कहा कि योजना की जानकारी हर घर तक पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी संस्थाएं आगे आएं और जागरूकता अभियान में निगम का सहयोग करें, ताकि धमतरी देश के अग्रणी सोलर सिटी में शामिल हो सके।

बैठक में विभिन्न संघों एवं संगठनों ने योजना के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन में नगर निगम को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। साथ ही नगर निगम द्वारा वार्ड स्तर पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रोत्साहित होकर खुमान सिंह आकाशगंगा, रुद्री रोड, दिनेश सोनकर गोकुलपुर एवं अजय पांडे हनुमंत नगर ने अपने घरों पर सोलर पैनल स्थापित करने की सहमति जताई जिससे अन्य नागरिकों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## उर्वरकों के अवैध परिवहन व कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग मुस्तैद

जिले की सभी सहकारी समितियों में उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में पर्याप्त वर्षा होने के कारण कृषि कार्य द्रुत गति से जारी हैं। कृषक खेतों की तैयारी के साथ-साथ धान की रोपाई में व्यस्त हैं हालांकि अत्यधिक वर्षा होने से निचली भूमि में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं जिससे रोपाई कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। जिले के सभी विकासखण्डों में सहकारी समितियों के माध्यम से पर्याप्त उर्वरकों का भण्डारण किया गया हैं। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। जिले में अभी तक 27155.37 मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण किया जा चुका है तथा 22469.14 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं । शेष 4686.23 मीट्रिक टन उर्वरकों का उठाव प्रगतिरत हैं। समितियों के माध्यम से जिले में यूरिया 12230.47 मीट्रिक टन, सिंगल सूपर फॉस्फेट 5352.45 मीट्रिक टन, डीएपी 4343.85 मीट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1543.70 मीट्रिक टन भण्डारण किया गया हैं।

जिले में रासायनिक उर्वरकों की कोई कमी नही हैं। डीएपी पर्याप्त मात्रा में भण्डारित हैं तथा डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों का भण्डारण भी पर्याप्त मात्रा में किया गया हैं। इसके अलावा किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी का भी छिड़काव करने की सलाह दी गई है। वैकल्पिक उर्वरकों में सल्फर की उपलब्धता होने के कारण फसलों में क्लोरोफिल एवं प्रोटीन का निर्माण, फसल में रोक प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि तथा मृदा अम्लीयता को सुधार कर फसलों की जड़ का विकास करती है। पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने से उत्पादन में वृद्धि होती है। किसान इसके विकल्प के रुप में इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर द्वारा बताए गए अनुशंसित मिक्स खाद का उपयोग कर सकते हैं। किसानों को बेहतर फसल उत्पादन के लिए फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु अन्य उर्वरकों का उपयोग करने की तकनीकी सलाह दी जा रही हैं।

## कांग्रेसियों ने सोरिद नाला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लगातार हो रही बारिश से सोरिद नाला के उपर से पानी चल रहा है। कांग्रेसियों ने सोरिद नाला पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि सोरिद नाला घोटाला का मामला दो महीने पहले ही उजागर कर दिया था जिस पर आयुक्त ने जांच दल बैठाने की बात कही थी। आज दो महीने बीत जाने के बाद भी कोई रिपोर्ट नहीं आई है। नतीजन सोरिद नाला के उपर पानी बह रहा है। हादसे हो रहे हैं। जिम्मेदार लोग फोटो बाजी में व्यस्त हैं। लगातार हो रही बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। शहर के अधिकांश वार्ड जलमग्न हो गए हैं।

उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने निगम के निरीक्षण को फोटो सेशन करार देते हुए कहा कि पिछले 5-6 महीनों से यही सिलसिला चल रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस हैं। पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि शहर 40 वार्डों के पानी की निकासी सोरिद नाला से होती है। पानी का कटाव न होने के कारण सोरिद, जोधापुर, डाकबंगला वार्ड के डूबने आंशका बनी रहती है। पार्षद योगेशलाल ने कहा कि कई वार्डों में नालियां अधूरी हैं, कुछ जगह तो कार्य ही आरम्भ नहीं हुआ और जो नाली बनी हैं वह तकनीकी गुणवत्ता से कोसों दूर हैं। निरीक्षण करने के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा, उमा भागी ध्रुव, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, गौतम वाधवानी, परसराम ढीमर, हीरू यादव, सतीश मंडावी, दौलतराम मंडावी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## जिले के भाठागांव रांवा में बनेगा गोदाम

- एसडब्ल्यूसी मुख्यालय रायपुर से भूमि की मांग
- कलेक्टर ने खाद्य एवं संबंधित विभाग की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खाद्य, पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला विपणन, नागरिक आपूर्ति निगम तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने जिले में धान के उठाव, स्टेक नीलामी और भंडारण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नीलामी हेतु शेष स्टेक, क्रेताओं को जारी स्टेक संख्या, बीओ की मात्रा, उठाव की स्थिति तथा शेष धान की मात्रा की जानकारी ली। नागरिक आपूर्ति निगम और खाद्य निगम में अब तक जमा किए गए चावल की जानकारी भी ली। बताया गया कि जिले के लिए 5 लाख 53 हजार 663 मीट्रिक टन के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2 लाख 78 हजार 665 मीट्रिक टन चावल जमा किया जा चुका है। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम, सहकारिता विभाग के प्रदीप ठाकुर, नान के सुनील सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों में गोदाम बनाए जाने हैं। इसके लिए मंडी बोर्ड के जरिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंडी में धरमकांटा स्थापित करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंडी बोर्ड द्वारा बनाए जाने वाले चबूतरा निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रस्तावित गोदामों के लिए

भूमि उपलब्धता की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे गोदाम जहां बारिश का पानी चला जाता है, वहां पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि धमतरी जिले के कुरूद स्थित भाठागांव और धमतरी के रांवा में गोदाम निर्माण किया जाना है। इसके लिए एसडब्ल्यूसी मुख्यालय रायपुर से भूमि की मांग की गई है, जिसमें कुरूद के भाठागांव में गोदाम निर्माण के लिए 4.04 हेक्टेयर भूमि आबंटित हो चुकी है। वहीं धमतरी विकासखंड के ग्राम रांवा में गोदाम निर्माण के लिए 11.54 हेक्टेयर भूमि का आवंटन प्रक्रियाधीन है।

## गुरु पूर्णिमा पर महापौर ने लिया मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद



- नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने भाजपा मंडल के पदाधिकारियों के साथ नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने नगरवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की मंगलकामना की। पूजन उपरांत महापौर श्री रोहरा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा जीवन में मार्गदर्शन देने वाले गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है। यह पर्व आत्मचिंतन, आस्था और संस्कृति से जुड़ने का माध्यम है। मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद हमें सेवा, सद्भाव और जनहित के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति देता है। श्री रोहरा ने आगे कहा कि

हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमारे विकास की आधारशिला है। मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद और जनता का सहयोग ही हमारे हर प्रयास को सफल बनाता है। इस अवसर पर पवन गजपाल, राजीव चंद्राकर, गौरव मगर, राकेश यादव, देवेंद्र ध्रुवंशी, राम सोनी, एताब देवांगन, ईश्वर सोनकर, विशाल त्रिवेदी, नीलमणि पावरिया, गोपाल साहू एवं हेमंत बंजारे उपस्थित रहे।

### नशा मनुष्य के नाश का कारण है : सिंधु

**अंवरी।** ग्राम कोसमर्रा में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्धु बैस ने कहा कि वर्तमान समय में नशा मनुष्य के नाश का कारण बन चुका है। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि स्वयं भी नशे से दूर होकर अन्य लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

### पंचायत सचिव संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**नगरी।** नगरी विकासखण्ड के पंचायत सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी ने सोमवार को हल्बा समाज भवन में स्थापना दिवस और सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सीईओ रोहित बोरझा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष डोमार ध्रुव, आयुष झा और सरपंच संघ अध्यक्ष अनित ध्रुव थे। अतिथियों ने कहा कि पंचायत सचिव शासन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाते हैं। विकास कार्यों को ईमानदारीपूर्वक किया जा रहा है। उन्हें शासकीय सुविधाएं नहीं मिलती जबकि वे इसके हकदार हैं। सचिवों की जायज मांगें जल्द पूरी की जाएं। संघ ने कहा कि शासकीयकरण की मांग कई वर्षों से लंबित हैं।



## खबर संक्षेप



### रूद्री बरारी मार्ग जर्जर राहगीर परेशान

**धमतरी।** शहर से 5 किमी दूरी पर स्थित ग्राम रुद्री बरारी पहुंच मार्ग बारिश की वजह से खराब हो गया है। कच्ची सड़क होने के कारण सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। 7 किलोमीटर इस मार्ग में लोगों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामवासी मनोज मरकाम जितेंद्र ध्रुव व नीरज कुर्रे, हृदय राम मरकाम आदि ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन इस मार्ग से आना जाना पड़ता है। कीचड़ के कारण रोज परेशानी होती है। दलदल में साइकिल, मोटरसाइकिल फंस जाती है। कपड़े खराब हो रहे हैं। उन्होंने शासन प्रशासन से रोड की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। बता दें कि पिछले कई वर्षों से रोड की हालत खराब है। इस ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं इसलिए रोड का कायाकल्प नहीं हो पा रहा है। खराब रोड के कारण इस मार्ग में चलने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नगरी में निःशुल्क फिजिकल एवं मेडिकल ट्रेनिंग कैम्प आज से

- युवाओं को प्रशिक्षण भूतपूर्व सैनिक एवं व्यायाम शिक्षक देंगे

**धमतरी।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सैन्य सेवा में रुचि रखने वाले युवाओं को बेहतर तैयारी का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 11 से 15 जुलाई तक डमकाडीह मिनी स्टेडियम नगरी में निःशुल्क फिजिकल एवं मेडिकल ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में सेना भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता, दौड़, बीम, लम्बी कूद, संतुलन अभ्यास सहित प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण अनुभवी भूतपूर्व सैनिकों एवं व्यायाम शिक्षकों के निर्देशन में आयोजित होगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से भूतपूर्व सैनिक द्वारा युवाओं को सेना भर्ती की प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे वे आगामी भर्ती रैलियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रशिक्षण शिविर पूर्णतः निःशुल्क होगा। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शारीरिक परीक्षण के सभी मानकों पर अभ्यास कराया जाएगा। कैम्प में प्रारंभिक मेडिकल चेकअप भी किया जाएगा।

महापौर और भाजपा के पार्षदों ने खुशी जाहिर की

# ऑडिटोरियम के लिए सात करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिहावा रोड मकेश्वर वार्ड में अधूरे पड़े ऑडिटोरियम सह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के लिए लगभग 7 करोड़ की स्वीकृति मिलने पर महापौर और भाजपा के पार्षदों ने अपनी खुशी जाहिर की। 2025 में ही इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

नगर निगम बनने के बाद तत्कालीन महापौर अर्चना चौबे के कार्यकाल में 5 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ऑडिटोरियम सह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के लिए 23 मई 2018 को मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भूमिपूजन किया था। ऑडिटोरियम व्यावसायिक परिसर का निर्माण काफी धीमी गति से प्रारंभ हुआ और कुछ समय बाद जाकर वह अधूरा रह गया। इसके बाद कांग्रेस के कार्यकाल में कार्य आगे नहीं बढ़ सका। अब वर्तमान भाजपा के कार्यकाल में फिर से लगभग 7 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। इससे शहरवासियों को अब जल्द ही एक ऑडिटोरियम मिल सकेगा।



गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुवार को स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम महापौर रामू रोहरा अपने भाजपा पार्षदों के साथ निर्माणाधीन ऑडिटोरियम में पहुंचे। फटाका फोड़कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पार्षदों ने इस मौके पर महापौर का अभिनंदन भी किया। इस दौरान स्पीकर कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य पीडब्ल्यूडी प्रभारी सदस्य विजय मोटवानी, नरेंद्र रोहरा, शिवानी साहू, अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, पार्षद आशा लोधी, नम्रता पवार, चंद्रभागा साहू, सतीश पवार, हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, संजय देवांगन, भारती साहू, मेघराज ठाकुर, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, गजेंद्र कंवर, उपायुक्त पीसी सार्वा, प्रभारी कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत सहित मिथिलेश सिन्हा, महेंद्र खंडेलवाल, गोपाल साहू एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### हमने बनाया है हम ही संवारेंगे : रामू रोहरा

इस संबंध में महापौर रामू रोहरा ने चर्चा करते हुए बताया कि पिछले 7 साल से ऑडिटोरियम का कार्य चल रहा था जो अधूरा पड़ा हुआ था। इसके लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किए गए। आज 6 करोड़ 90 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बहुत जल्द टेंडर निकालकर इसके अधूरे कार्य पूरे किए जाएंगे। इस राशि में सेंट्रल एसी, टाइल्स, बैठक व्यवस्था सहित बाकी बचे हुए अधूरे कार्य पूरे होंगे। इस इस 500 सीटर ऑडिटोरियम सह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को 1 साल में पूरा करना है लेकिन हमारा लक्ष्य 6 माह में पूरा करना रहेगा। पिछले 5 साल के कांग्रेस कार्यकाल में इसमें राशि लाने के लिए कोई पहल नहीं की गई थी, वरना यह अब तक मिल चुका होता। बहुत जल्द शहरवासियों के लिए यह एक बड़ी सौगात होगी। अब इसके बाद स्टेडियम के लिए प्रयास किया जाएगा।

## संतृप्तिकरण शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विकासखंड नगरी के ग्राम पोड़ागांव एवं विकासखंड धमतरी के ग्राम कानीडबरी में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देना एवं उनका सीधा लाभ पहुंचाना था। शिविर के दौरान 14 आधार कार्ड, 2 आयुष्मान कार्ड एवं 2 श्रम कार्ड का पंजीयन किया गया, जिससे ग्रामीणों को महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## ब्रज गोपिका सेवा मिशन ने मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्रज गोपिका सेवा मिशन धमतरी यूनिट द्वारा गुरु पूर्णिमा जलाराम मंदिर मठ मंदिर परिसर सदर बाजार धमतरी में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति-भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कृपालु महाराज के चरणों पर अभिषेक किया गया।

साधकों ने पुष्प, भोग, जल और भक्ति-भाव से अपने आराध्य गुरुदेव का पूजन कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति-संगीत, शांति और दिव्यता से गूंजता रहा। इस आध्यात्मिक आयोजन का उद्देश्य गुरुतत्व की महिमा को जन-जन तक पहुंचाना एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सजीव रूप में अनुभूत कराना रहा।

इस अवसर पर संतोष मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, चंद्रभान मेश्राम, मुकेश सोनी, महेश महावर, तुषार सोनी, अंकित मिश्रा, महेश रजक, शरद रजक, दिव्यांशु सोनी, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती पिंकी सोनबर, श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा, श्रीमती आयुषी मिश्रा, कुमारी सृष्टि शर्मा तथा श्रीमती सरिता शर्मा मौजूद थे।

## पढ़ाई के साथ बच्चे खेल में भी रुचि लें

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम अर्जुनी में नवदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा से ही समाज में जागरूकता आती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक हर्षद मेहता, सरपंच इंदु मोहित ध्रुव एवं संकुल प्राचार्य देवनाथ साहू थे। पूर्व विधायक श्री मेहता ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार अत्यंत आवश्यक है। बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी रुचि लें। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष ज्योति साहू उपस्थित थीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सरपंच प्रतिनिधि मोहित ध्रुव, दीपमाला साहू ने भी अपने विचार रखे। मौके पर पूर्व सरपंच फूलसिंह साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, हेमंतमाला साहू, लोकेंद्र, भूपेंद्र समेत अन्य उपस्थित थे।

## छोटा शिरडी धाम कुकरेल में रही साईं भक्तों की भीड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में गुरू पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। शिष्यों ने गुरूओं का वंदन कर ज्ञान के बदले गुरूओं की कृतज्ञता प्रकट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर के मंदिरों में भी गुरू पूर्णिमा मनाई गई। कुकरेल स्थित छोटा शिरडी धाम में गुरूवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंदिर ट्रस्ट संजय सुलेखा तिवारी ने बताया कि इस दिन सभी भक्तों ने साईं कृपा प्राप्त करने गुरू साईं की विशेष पूजा अर्चना की। सुबह 4 बजे मंदिर का पट खुलते ही भक्तों का दर्शन के लिए तांता लग गया। भक्तों की उपस्थिति में कांकड़ आरती पश्चात 5 बजे शाही स्नान, पूजा पाठ, जप तप आरती 10 बजे साईं पालकी यात्रा 11 बजे साईं गुरू पूजन, सत्यनारायण कथ, व्रत, पार्थिव शिवलिंग, रूद्राभिषेक, सावन मास प्रारंभ, उत्सव 12 बजे हवन पजून, पूर्णाहुति, 1 बजे आरती, भजन, कीर्तन के बाद साईं मंदिर परिवार में विशाल साईं भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धमतरी के अलावा दूसरे जिले के साईं भक्त पहुंचे थे।

#### कोलियारी के साईं बाबा मंदिर में गुरू पूर्णिमा पर्व मना

कोलियारी महानदी के किनारे स्थित साईं बाबा मंदिर में गुरू पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। मंदिर संचालक डॉ. दिनेश सोनकर ने बताया कि सुबह 4 बजे बाबा के मंगल स्नान के बाद महाआरती, जप तप, व्रत कथा, दोपहर को सत्यनारायण कथा, साईं भजन संध्या, शाम को मानसगान, वृहद भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। रात्रि में आरती के बाद खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों साईं भक्तों ने उपस्थित होकर साईं राम पर आस्था प्रकट की। इस आयोजन में निर्मल सोनकर, मालिक सोनकर, मनोज साहू, सोहन सिन्हा, लालजी साहू, लोकेश साहू, शेषनारायण यादव, संतु ध्रुव, नीरज सोनकर, नोमेश साहू, आकाश, प्रकाश सोनकर, यशवंत साहू आदि ने सहयोग किया। इसी तरह शहर के हनुमान मंदिर, शंकर मंदिर, शनि मंदिर, गणेश मंदिर, जलाराम बपा मंदिर, टेऊंराम मंदिर, गायत्री मंदिर, साईं मंदिर, शिवयोग परिवार, संत बाबा हरदास मंदिर गोदड़ी वाला धाम मंदिर, पीर बाबा रामदेव आदि मंदिर संहित पंडालों में कार्यक्रम आयोजित कर गुरूओं का वंदन किया गया।



## स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अब तक नहीं पहुंची किताबें

- एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने छात्रों से की मुलाकात, प्रशासन से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू हुए 24 दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन अब तक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इस गंभीर स्थिति को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने संबंधित स्कूलों का दौरा किया और छात्रों तथा उनके अभिभावकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जमीनी स्तर पर सुनीं। छात्रों ने बताया कि किताबें नहीं मिलने के कारण पढ़ाई सिर्फ पीडीएफ और पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर चल रही है, जिससे उन्हें नए सिलेबस को समझने और आगे बढ़ने में कठिनाई हो रही है।



कई अभिभावकों ने यह सवाल भी उठाया कि सरकार द्वारा प्रचारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल कागजों तक सीमित क्यों है। जिलाध्यक्ष ने तुरंत कलेक्टर से फोन पर बात कर स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय में शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा करेंगे। राजा देवांगन ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में अगर किताबें तक नहीं पहुंची हैं तो यह व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है। जब हमारी सरकार थी तो आत्मानंद स्कूलों में दाखिला लेना गर्व की बात मानी जाती थी। लेकिन आज निजीकरण को बढ़ावा देने की मंशा के तहत ही शायद इन स्कूलों की उपेक्षा की जा रही है। अगर आगामी दिनों में सभी छात्रों को किताबें उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो एनएसयूआई चरणबद्ध आंदोलन की राह पर चलेगी।

## सेवानिवृति पर संबलपुर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को दी गई विदाई

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर के प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र तरार की सेवा अवधि पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री तरार को शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में प्राचार्य हरमीत कौर खालसा ने उनके शिक्षकीय जीवन की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया। 30 जून 2006 को व्याख्याता के रूप में नियुक्ति बोहरा स्कूल जिला बालोद में हुई।

## मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सी.से. स्कूल में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। छात्रों एवं शिक्षकों ने अपनी सहभागिता निभाई। गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए समाज के विकास में शिक्षकों एवं गुरुओं के योगदान को नमन किया। इस अवसर पर शाला में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महत्ता पर आधारित गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने गुरुओं के सम्मान के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी सम्मान करने की शिक्षा दी। इस अवसर पर शाला प्रांगण पीपल के पौधे रोपे गए। इस अभियान में छात्रों द्वारा कुल 51 पीपल के पौधे अपने-अपने घरों में लगाए गए।






हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री के प्रति जताया आभार

## नगर निगम क्षेत्र को मिली 257 पीएम आवास की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत धमतरी नगर निगम को 257 नए आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

महापौर श्री रोहरा ने इसे धमतरी के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बताते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही आमजन की जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध इस शासन ने योजनाओं के क्रियान्वयन की गति को नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मिली यह स्वीकृति उन सैकड़ों परिवारों के लिए आशा की नई किरण है, जिनके सिर पर आज भी स्थायी छत नहीं है। अब ये परिवार अपने पक्के घर के सपने को साकार होते देख सकेंगे।



महापौर ने बताया कि नगर निगम लगातार प्रयासरत रहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ धमतरी की जनता को मिले।

इस स्वीकृति से यह साबित होता है कि सरकार आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। श्री रोहरा ने कहा कि धमतरी नगर निगम राज्य शासन के मार्गदर्शन में जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी नगर को और अधिक विकासपरक योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा, जिससे शहर का समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

## भारत में आदिकाल से गुरु-शिष्य की परंपरा का हो रहा निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्यधाम सिविल लाइंस धमतरी में आस्था और श्रद्धा का पर्व गुरु पूर्णिमा मनाया गया। सेवा केंद्र के सभी सदस्यों ने आध्यात्मिक गुरु बीके सरिता का पुष्पगुच्छ, तिलक, शाल, श्रीफल से अभिनंदन किया। इस अवसर पर बीके सरिता ने गुरु पूर्णिमा का रहस्य एवं उद्देश्य बताते हुए कहा कि स्वयं परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर टीचर और सद्गुरु के रूप में अवतरित होकर गीता ज्ञान देकर ब्रम्हा वत्सों को वर्षा, पालना पढ़ाई और वरदान से भरपूर करते हुए भविष्य जीवन को सुखमय बनाते हुए विश्व कल्याण के निमित्त बनाते हैं। भारत में आदिकाल से गुरु शिष्य की परंपरा रही और शिष्यों ने सदैव से गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन धन्य बनाया है। आगे कहा कि भारतवर्ष में गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व पर हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता का दर्शन कराते हुए हमारे अंतःकरण में श्रेष्ठ संस्कारों को जन्म देते हैं।



## बोदलबाहरा स्कूल के प्रधानपाठक एवं छात्र हुए सम्मानित

**मगरलोड।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन शाउमावि बिरझुली में किया गया। मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिपं धमतरी थे। अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड ने की। अतिथियों ने शासकीय प्राथमिक शाला बोदलबाहरा के प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। श्रीमती पुष्पलता रामायण सिन्हा सरपंच बिरझुली ने एकलव्य परीक्षा में चयनित एवं पांचवीं कक्षा में प्रथम आने पर यामिनी पिता रोहित ध्रुव को प्रतीक चिन्ह एवं पेन से सम्मानित किया।

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रूमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रू. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रू. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रू. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रू. |
| | टोटल - 1220/- रू. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रू. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज